मूलुंड, मुम्बई में डाकघर का अपर्याप्त स्थान

34. **श्री सतीश प्रधान:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 3 जनवरी, 1994 को मूलुंड (पूर्वी) मुम्बई में डाकघरों में डाकपाल और डाकिए के बीच शारीरिक रूप से हाथापाई हो जाने के कारण वहां काम ठप्प हो गया था;

(ख) क्या मुलुंड (पूर्वी) मुम्बई में डाकघर में तैनात कर्मचारियों की संख्या को देखते हुए वहां स्थान अपर्याप्त है; और

(ग) ऐसी स्थिति को दूर करने के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, नहीं। दिनांक 3.1.1994 को मुम्बई के मूलुंड (पूर्व) डाकघर में उप डाकपाल और डाकिये के बीच केवल थोड़ी सी कहा-सुनी हुई थी। इसके कारण उप-डाकघर के काम काज में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आई थी।

(ख) और (ग) वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार मुम्बई के मूलुंड (पूर्व) डाकघर में पर्याप्त स्थान है। फिलहाल, जिस किराए के भवन में यह डाकघर कार्य कर रहा है, उसे खरीदने और उसका पुनरुद्धार करने का प्रस्ताव है।

Extra Service Charges by STD Booth Operators

35. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the S.T.D. booth operators have been allowed to take some extra service charges in addition to the authorised commission;

(b) if so, what are the details of such extra-charges alongwith the terms and conditions of payment of commission to them and number of S.T.D. booths in the country;

(c) whether the extra-charges are indispensable and whether Government have made any survey in this regard;

(d) whether persons willing to operate S.T.D. booths on commission alone which includes service charges are likely to be allowed; and

(e) if so, the details, if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a)Yes, Sir.

(b) The STD PCO allottees have been allowed to charge upto a maximum of Rs. 2/- as service charges in respect of each STD/ISD call. The commission is 20 paise/Call Unit upto 10,000 calls, 15 paise/call unit in the range 10,000 to 20,000 calls and 10 paise per call unit for calls beyond 20,000 registered in a month. Number of STD PCOs in the country as on 31.12.1993 was 51150.

(c) The decision to allow service charges was taken only on the repeated representations of STD PCO allottees that the commission payable to them was insufficient considering the long hours of work they put in and the amenities they provide to the subscribers.

(d) and (e) STD PCOs allottees are free to collect or not to collect the permissible service charges from the PCO using public.

बिहार में ग्राम पंचायतों को टेलीफोन सुविधाएं

36. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार में सभी ग्राम पंचायतों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय किया है;

(ख) उस राज्य में दिसम्बर, 1993 तक कुल कितनी ग्राम पंचायतों को टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है;

(ग) कितनी ग्राम पंचायतों को टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है;

(घ) सरकार शेष ग्राम पंचायतों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है;

(ङ) बिहार में ऐसे कितने इलेक्ट्रोमेकेनिकल